संख्या- 86/2018/2821/सैंतीस-2-2018-1(31)/03टीसी।।

प्रेषक,

डा0 प्रहलाद बरनवाल,
अनु सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

निदेशक,
रोग नियंत्रण एवं प्रक्षेत्र,
पशुपालन विभाग, उ0प्र0, लखनऊ।

पशुधन अनुभाग-2 लखनऊ :: दिनांक- 28अगस्त, 2018

विषयः- **अनुदान संख्या-15 के अधीन डिजीज फ्री जोन की स्थापना (के.60/रा.40-के.+रा.) योजनान्तर्गत चालू वित्तीय वर्ष 2018-19 में प्राविधानित धनराशि के सापेक्ष वित्तीय स्वीकृति (एफ.एम.डी.सी.पी.)।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या-221/सा0-1/एक्स-160/एफ.एम.डी.-सी.पी./सामान्य/बजट आवंटन/2018-19, दिनांक-01.08.2018 के सन्दर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि चालू वित्तीय वर्ष 2018-19 में अनुदान संख्या-15 के अधीन लेखाशीर्षक-2403-पशुपालन-101-पशु चिकित्सा सेवायें तथा पशु स्वास्थ्य-02-राष्ट्रीय पशु स्वास्थ्य तथा रोग नियंत्रण कार्यक्रम-0202-डिजीज फ्री जोन की स्थापना (के.60/रा.40-के.+रा.) के अन्तर्गत निम्नलिखित मानक मदों में प्राविधानित धनराशि के सापेक्ष भारत सरकार द्वारा अवमुक्त/पुनर्वैधीकृत किये गये केन्द्रांश व राज्यांश की धनराशि सम्मिलित करते हुए कुल रू0-3543.215 लाख (रूपये पैंतीस करोड़ तैंतालिस लाख इक्कीस हजार पाँच सौ मात्र) की वित्तीय स्वीकृति श्री राज्यपाल अधोलिखित प्रतिबन्धों के अधीन सहर्ष प्रदान करते हैंः-

मानक मद	**स्वीकृत धनराशि (लाख में)**
04-यात्रा व्यय	100.000
07-मानदेय	100.000
11-लेखन सामग्री और फार्मों की छपाई	15.000
12-कार्यालय फर्नीचर एवं उपकरण	5.000
15-गाडियों का अनुरक्षण और पेट्रोल आदि की खरीद	20.000
18-प्रकाशन	10.000
19-विज्ञापन, बिक्री और विख्यापन व्यय	10.000
26-मशीनें और सज्जा/उपकरण और संयंत्र	25.000
29-अनुरक्षण	10.000
39-औषधि तथा रसायन	5.000
42-अन्य व्यय	10.000
43-सामग्री एवं सम्पूर्ति	3218.215
46-कम्प्यूटर हार्डवेयर/साफ्टवेयर का क्रय	10.000
47-कम्प्यूटर अनुरक्षण/तत्सम्बन्धी स्टेशनरी का क्रय	5.000
योग-	**3543.215**

(रूपये पैंतीस करोड़ तैंतालिस लाख इक्कीस हजार पाँच सौ मात्र)

(1) स्वीकृत की जा रही धनराशि का आहरण/व्यय भारत सरकार द्वारा अनुमोदित कार्य-योजना एवं मदों में भारत सरकार द्वारा निर्धारित गाइडलाईन्स का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित करते हुए उपलब्ध धनराशि की सीमान्तर्गत ही किया जायेगा।

(2) प्रश्नगत धनराशि का व्यय चालू वित्तीय वर्ष में सुनिश्चित किया जायेगा।

(3) स्वीकृत की जा रही धनराशि को आहरित कर बैंक /डाकघर में नहीं जमा किया जायेगा।

(4) प्रशासनिक विभाग यह सुनिश्चित करेगे कि इस हेतु पूर्व में किसी योजना /स्रोत से धनराशि स्वीकृत नहीं की गई है।

(5) योजनान्तर्गत वस्तुओं/सामग्रियों आदि का क्रय उ0प्र0 भण्डार क्रय नियमावली तथा वित्त विभाग, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग द्वारा समय-समय पर निर्गत सुसंगत शासनादेशों, उ0प्र0 प्रोक्योरमेन्ट मैनुअल (प्रोक्योरमेन्ट ऑफ गुड्स) 2016 एवं विभागीय क्रय नीति का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित करते हुए किया जायेगा।

(6) स्वीकृत की जा रही धनराशि का आहरण एकमुश्त न करते हुए अपितु आवश्यकतानुसार किया जाय। वित्त विभाग द्वारा समय-समय पर निर्गत मितव्ययिता संबंधी शासनादेशों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित करने के साथ-साथ राजकीय धन व्यय करने में उ0प्र0 बजट मैनुअल के प्रस्तर-12 में दी गई शर्तों की पूर्ति तथा वित्तीय औचित्य के मानकों का अनुपालन भी सुनिश्चित किया जाय।

(7) स्वीकृत की जा रही धनराशि का किसी अन्य मद/योजना/कार्यक्रम में व्यय अनुमन्य न होगा।

(8) स्वीकृत की जा रही धनराशि का आहरण/व्यय करते समय वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय-ज्ञाप संख्या-1/2018/बी-1-375/दस-2018-231/2018, दिनांक-30.03.2018 तथा शासनादेश सं0-बी-1-1195/दस-16/94, दि0-06.06.1994 में दिये गये निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाय।

2- उक्त व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2018-19 में अनुदान संख्या-15 के अधीन लेखाशीर्षक-"2403-पशुपालन-101-पशु चिकित्सा सेवायें तथा पशु स्वास्थ्य-02-राष्ट्रीय पशु स्वास्थ्य तथा रोग नियंत्रण कार्यक्रम-0202-डिजीज फ्री जोन की स्थापना (के.60/रा.40-के.+रा.)" की सुसंगत इकाईयों के नामे डाला जायेगा।

3- यह आदेश वित्त विभाग के अशासकीय संख्या-ई-1-611/दस-2018, दिनांक-27.8.2018 में प्राप्त उनकी सहमति से निर्गत किये जा रहे हैं।

भवदीय,

(**डा0 प्रहलाद बरनवाल**)
अनु सचिव।

पृ0सं0- 86/2018/2821(1)/सैंतीस-2-2018- तददिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1. महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी)/(लेखा-परीक्षा) प्रथम/द्वितीय, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद।
2. संयुक्त सचिव, पशुपालन, दुग्ध एवं मत्स्यपालन विभाग, कृषि एवं किसान कल्याण मँत्रालय, कृषि भवन, नई दिल्ली।
3. वित्त नियंत्रक/संयुक्त निदेशक (नियोजन), पशुपालन विभाग, उ0प्र0, लखनऊ।
4. सम्बन्धित मुख्य/वरिष्ठ कोषाधिकारी।
5. वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनु0-2/नियोजन अनु0-3/वित्त संसाधन (केन्द्रीय-सहायता) अनुभाग।
6. गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

(**डा0 प्रहलाद बरनवाल**)
अनु सचिव।